इंदौर | सोमवार | 8 सितम्बर 2025 | वर्ष 65 | अंक 215 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से | इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण

## एक नजर में

### पीएम मोदी कल पंजाब का दौरा करेंगे

चंडीगढ़, 07 सितम्बर. पंजाब में दशकों की सबसे भीषण बाढ़ से मचे हाहाकार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 सितम्बर को राज्य का दौरा करेंगे. वे गुरदासपुर सहित कई प्रभावित क्षेत्रों का जायज़ा लेंगे और बड़े राहत पैकेज की घोषणा कर सकते हैं. अधिकारियों के अनुसार, अब तक 46 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 3.87 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं. करीब 1.75 लाख हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं. बाढ़ से प्रभावित 23 जिलों के लगभग 2,000 गांवों में हालात बेहद गंभीर हैं. राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, सेना, सीमा सुरक्षा बल, पंजाब पुलिस और जिला प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटे हैं.

# प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन

## जीएसटी सुधार के लिए हुआ सम्मान

### आखिरी पंक्ति में सहज भाव से बैठे दिखाई दिए पीएम



**नई दिल्ली, 07 सितंबर. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दो दिवसीय कार्यशाला में रविवार को ऐतिहासिक जीएसटी सुधार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन और आभार व्यक्त किया गया जहां वह आम कार्यकर्ता की तरह कार्यशाला की आखिरी पंक्ति में सहज भाव से बैठे दिखाई दिए.**

भाजपा की दो दिवसीय कार्यशाला रविवार सुबह 11 बजे से संसद के जीएमसी बालयोगी सभागार में शुरू हुई. इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद शामिल हुए. इस कार्यशाला में उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारी और विकसित भारत समेत कई मुद्दों पर चर्चा होनी है. इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री द्वारा 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से जीएसटी सुधारों की घोषणा को साकार करने पर भाजपा सांसदों ने प्रस्ताव पारित करके उनका अभिनंदन और आभार व्यक्त किया गया.

> भाजपा की दो दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन सांसदों के लिए महत्वपूर्ण चार सत्र होंगे. पहला सत्र आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी भारत, ईज ऑफ डूइंग और युवा शक्ति एवं रोजगार पर होगा. दूसरा सत्र सांसदों की ओर से सोशल मीडिया के प्रभावी प्रयोग पर होगा. तीसरा सत्र सांसदों की स्थायी समिति के समूहों से संबंधित है, जिसमें अलग-अलग मंत्रालयों की संसदीय समितियों से जुड़ा है. श्इसमें संसदीय समिति की कार्यवाही का महत्व, संसद सत्र की तैयारी, संसदीय नियमावली का इस्तेमाल, मंत्रालय रिपोर्ट का अध्ययन और सांसद के रूप में व्यवहार और सावधानी आदि पर चर्चा होगी. चौथे और अंतिम सत्र में सागरीय क्षेत्र, लेफ्ट विंग क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र, शहरी क्षेत्र और पहाड़ी और उत्तर पूर्व क्षेत्र के बारे में चर्चा होगी.

### भाजपा सांसदों के लिए कार्यशाला आज

भाजपा कार्यशाला के दूसरे दिन सोमवार को नौ सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए भाजपा सांसदों को चुनाव प्रक्रिया, मतदान करने का तरीका और सावधानियों के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा. ज्ञात रहे कि उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राजग प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी न्यायमूरित बी सुदर्शन रेड्डी के बीच मुकाबला है.

# शिप्रा में तीन पुलिसकर्मियों की गिरी कार, टीआई का मिला शव

- रामघाट हादसे ने उज्जैन को किया स्तब्ध
- टीआई का चक्रतीर्थ श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार
- एसआई मांगीलाल और कांस्टेबल आरती की तलाश
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव और डीजीपी ने जताया शोक



**उज्जैन, 7 सितंबर. रामघाट के बड़े पुल पर शनिवार की शाम हुई दर्दनाक दुर्घटना ने पूरे उज्जैन शहर और पुलिस महकमे को गमगीन कर दिया है. हादसे में उन्हेल थाने के थाना प्रभारी (टीआई) अशोक शर्मा की असमय मृत्यु हो गई.**

रविवार को उनका अंतिम संस्कार चक्रतीर्थ श्मशान घाट पर हुआ, जहां जनप्रतिनिधियों से लेकर पुलिस अधिकारियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने नम आंखों से विदाई दी. वहीं हादसे पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव और डीजीपी कैलाश मकवाना ने शोक जताया है. सीएम ने कहा कि दुर्घटना में उन्हेल के थाना प्रभारी अशोक शर्मा का निधन हृदय विदारक है.

दरअसल अनंत चतुर्दशी पर शहर की जनता बड़ी संख्या में गणेश विसर्जन के लिए नदी पर पहुंच रही थी. इसी दौरान शाम के समय एक सफेद कार अचानक शिप्रा नदी में गिर गई. रात भर रेस्क्यू ऑपरेशन चला,तब पता नहीं चल पाया कि कार में कौन था. उज्जैन में हुए इस हृदयविदारक हादसे के बाद रेस्क्यू करने के लिए धार से एनडीआरएफ की टीम बुलानी पड़ी, जो सुबह 5.00 बजे उज्जैन पहुंची, तब सर्चिंग में टीम को टीआई अशोक शर्मा की बॉडी भेरूगढ़ पुल के नीचे मिली, जिसे देखकर उज्जैन पुलिस महकमें सहित शहर में शोक की लहर छा गई. टीआई अशोक शर्मा का जाना पुलिस विभाग के लिए गहरा आघात साबित हुआ है. उनकी शवयात्रा में आईजी उमेश जोगा, डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा सहित सभी थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों ,जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस मौके पर पूरा महकमा गमगीन नजर आया. हादसे की खबर फैलते ही पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई. पिपलीनाका की झरण कॉलोनी निवासी अशोक शर्मा अपने सौम्य स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठा के लिए जाने जाते थे.

### कार और दो पुलिसकर्मी अभी भी नहीं मिले

एसआई मांगीलाल निनामा और महिला कांस्टेबल आरती पाल भी उसी कार में थे. हादसे के बाद से दोनों लापता हैं और उनकी तलाश में शिप्रा नदी में लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है. एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और नगर निगम की टीमें दिन-रात जुटी हुई हैं, लेकिन अब तक कार व दोनों पुलिसकर्मियों का कोई पता नहीं चल सका है.

# विधायक पर तेजाब डालने की धमकी

- टीएमसी विधायक अब्दुल रहीम ने दिया विवादित बयान



**कोलकाता, 7 सितम्बर. पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बार फिर धमकी भरे बयान ने माहौल गरमा दिया है.**

मालदा जिले के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुर रहीम बख्शी ने भाजपा विधायक दल के मुख्य सचेतक व विधायक शंकर घोष को मुंह में तेजाब डालने की धमकी दी है. यह बयान शनिवार शाम मालदा में आयोजित सभा में दिया गया. बख्शी ने अपने संबोधन में कहा कि यदि दोबारा प्रवासी मजदूरों को रोहिंग्या या बांग्लादेशी कहा गया तो वह विधायक का चेहरा तेजाब से जला देंगे. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा यह बंगाल है, यहां हम बंगाली किसी को बोलने की जगह नहीं देंगे. तृणमूल नेता ने समर्थकों से भाजपा के झंडे फाड़ने और पार्टी नेताओं का सामाजिक बहिष्कार करने की अपील भी की. भाजपा ने बख्शी की टिप्पणी को लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताते हुए कड़ी निंदा की है. भाजपा सांसद खगेन मुर्मू ने कहा कि तृणमूल की संस्कृति ही लोगों को डराने-धमकाने की है.

## उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले विपक्ष की बैठक आज

**नई दिल्ली.** उपराष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले कांग्रेस ने रविवार को एक अहम बैठक की जिसमें रणनीति को अंतिम रूप देने पर चर्चा हुई. बैठक में निर्णय लिया कि सोमवार को संसद भवन परिसर में इंडिया गठबंधन के नेताओं की संयुक्त बैठक बुलाई जाएगी. इसमें सभी दलों से अपील की जाएगी कि वे साझा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान सुनिश्चित करें. बैठक में कांग्रेस नेताओं प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे. सूत्रों के मुताबिक भाजपा द्वारा सांसदों को वोटिंग से पहले प्रशिक्षण देने की तर्ज पर कांग्रेस भी संसदीय दल के नेताओं की बैठक आयोजित करेगी.

# जापान के पीएम शिगेरू इशिबा का इस्तीफा

- पार्टी में एकजुटता और स्थिरता बनाए रखने पर जोर



**टोक्यो, 07 सितम्बर. जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया.**

जापान के राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके के अनुसार, इशिबा का यह फैसला सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के भीतर बढ़ते मतभेदों और असंतोष को रोकने के उद्देश्य से लिया गया है. इस्तीफे के इस कदम ने जापानी राजनीति में एक नया मोड़ ला दिया है. इशिबा ने कुछ सप्ताह पहले ही इन अटकलों को खारिज किया था कि वे पद छोड़ने जा रहे हैं. तब उन्होंने स्पष्ट कहा था कि वे अमेरिका के साथ हुए टैरिफ समझौते को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. लेकिन जुलाई में हुए चुनाव में एलडीपी व उसके सहयोगियों को ऐतिहासिक पराजय का सामना करना पड़ा. इस हार के चलते एलडीपी ने ऊपरी सदन में अपना बहुमत खो दिया, इसके बाद पार्टी के भीतर गुटबाजी और नेतृत्व पर सवाल तेज हो गए.

> विशेषज्ञों का मानना है कि यह इस्तीफा न केवल जापान की आंतरिक राजनीति पर असर डालेगा, बल्कि अमेरिका-जापान व्यापार संबंधों और अन्य अंतरराष्ट्रीय समझौतों पर भी इसके प्रभाव देखने को मिल सकते हैं. जापान की राजनीति में पिछले पांच वर्षों से अस्थिरता बनी हुई है. इस दौरान कोई भी प्रधानमंत्री लगातार तीन साल से अधिक कार्यकाल पूरा नहीं कर सका है. इशिबा के इस्तीफे के बाद अब एलडीपी के भीतर नए नेता की खोज तेज हो गई है.




**Bring home joy. Bring home a Volkswagen.**
This festive season, test drive a Volkswagen and win assured gifts.

**Enjoy complete peace of mind with:**
5-Star GNCAP Safety Rating – Child & Adult | 4-Year Standard Warranty | 4-Year Roadside Assistance

GLOBAL NCAP FOR SAFER CARS ★★★★★
4 EVER CARE** 4 year Standard Warranty | 4 year Road Side Assistance | 3 Free Services
Exchange through Certified Pre-Owned
Additional Scrappage Benefits***
Available across GeM, CSD & KPKB
Call 1800 102 0909
volkswagen.co.in

Images are for representation purpose. The dark shade on the glass is due to the lighting effect. Features and accessories shown may not be part of the standard equipment and are subject to change without prior notice. The actual car colour may vary.
^Total benefits up to ₹ 1 60 000 applicable on Taigun 1.5 TSI GT Plus DSG Sports (VIN25) and on Virtus 1.0 TSI Highline AT (VIN25), inclusive of all benefits including dealer benefits. Corporate and loyalty benefits cannot be clubbed. 1% cess extra for Kerala.
**Labour charges free for service applicable on mileage of 1 000, 7 500 and 15 000 kilometers. ***Additional scrappage benefits up to ₹ 20 000.

**Authorised Dealers: Volkswagen Indore:** 9669694949, 0731-4002201, 0731-4002202; **Volkswagen New City Store Indore:** 8889622289, 9669694947; **Volkswagen Ratlam:** 9669694949, 7869917727; **Volkswagen Bhopal:** 9669697970, 8889677731; **Volkswagen Jabalpur:** 9522669898, 8815108056;**Volkswagen Gwalior:** 8966905703, 8966905701; **Volkswagen Raipur:** 6262000711, 6262000706.